184

**भोजपुर समाहरणालय, आरा**

(जिला गोपनीय प्रशाखा )

**दिनांक 14.12.2020 को जिला पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा सदर अस्पताल, आरा का औचक निरीक्षण की कार्यवाही :-**

- ✓ सदर अस्पताल, आरा में स्थित रैन बसेरा के बाहर कोरोना की जॉच किया जा रहा था, सावधानी एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से भवन के अंदर कोरोना जॉच कराने हेतु सिविल सर्जन, भोजपुर को निदेशित किया गया। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**
- ✓ प्रसुती एवं स्त्री रोग विभाग का कार्यालय बंद पाया गया। इस संबंध में सिविल सर्जन, भोजपुर को संबंधित से कारणपृच्छा करने का निदेश दिया गया कि किस कारण से कार्यालय बंद था । **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**
- ✓ निरीक्षण के समय जॉच केन्द्र बंद पाया गया एवं वहाँ उपस्थित मरीज के परिजनों द्वारा जानकारी दी गयी कि जॉच हेतु राशि की मॉग की जाती है। जॉच केन्द्र के बाहर किन-किन चीजों की जॉच की जाती है, उसका साइनेज भी नहीं पाया गया। सिविल सर्जन, भोजपुर को मामले की जॉच कर अवगत कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही जॉच केन्द्र के बाहर बड़े-बड़े अक्षरों में किन-किन चीजों की जॉच की जाती है, उसका साइन बोर्ड लगवाने का निदेश दिया गया । **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**
- ✓ जन औषधि दवा केन्द्र की जॉच की गयी। वहाँ उपस्थित कर्मी द्वारा दवा के संबंध में किसी पंजी का संधारण नहीं होने के संबंध में जानकारी दी गयी। विधिवत् पंजी का संधारण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही औषधि दवा

केन्द्र पर उपलब्ध दवाओं के रेट एवं बाजार में उपलब्ध दवाओं के रेट की सूची तैयार कर केन्द्र पर लगवाने हेतु भी निदेशित किया गया। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

- ✓ जाँच के समय हॉस्पीटल मैनेजर अनुपस्थित थे, परंतु कुछ समय बाद हॉस्पीटल मैनेजर उपस्थित हुए। साथ ही दवा वितरण करने वाला कर्मी भी अनुपस्थित पाया गया। दवा वितरण कर्मी के अनुपस्थिति के संबंध में उनसे कारणपृच्छा करने का निदेश सिविल सर्जन, भोजपुर को दिया गया । **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**
- ✓ वार्ड का निरीक्षण किया गया। वार्ड में बेडशीट एवं चादर नहीं पाया गया। साथ ही साफ-सफाई की कमी पायी गयी। सभी वार्डों में बेडशीट एवं चादर बिछवाने का निदेश अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, आरा एवं सिविल सर्जन, भोजपुर को दिया गया। **(अनुपालन अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, आरा/ सिविल सर्जन, भोजपुर )**
- ✓ कैदी वार्ड में 01 कैदी मरीज पाया गया, जो दो दिन पहले सदर अस्पताल, आरा में एडमिट हुआ था। कैदी वार्ड की सुरक्षा हेतु वहाँ पर 1/4 जवान तैनात हैं, परंतु निरीक्षण के समय मात्र 01 पुलिस बल ही उपस्थित पाये गये। कुछ समय बाद 02 पुलिस बल उपस्थित हुए। हवलदार 120 विद्यानन्द दास के अनुपस्थिति के संबंध में पृच्छा करने पर उपस्थित पुलिस बल द्वारा जानकारी दी गयी कि वे आरा नगर थानाध्यक्ष से अनुमति लेकर अवकाश पर हैं। थानाध्यक्ष, आरा नगर को निदेश दिया जाता है कि हवलदार 120 विद्यानन्द दास के अवकाश के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। **(अनुपालन थानाध्यक्ष, आरा नगर )**

182

✓ सदर अस्पताल, आरा में किन–किन चिकित्सक एवं स्टाफ की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार किस समय है, इस संबंध में साइन बोर्ड भी लगा हुआ नहीं पाया गया एवं कहीं वाल लेखन भी नहीं पाया गया। सिविल सर्जन, भोजपुर को चिकित्सक एवं स्टाफ की रोस्टर ड्यूटी का साईन बोर्ड बड़े अक्षरों में लगवाने का निदेश दिया गया ताकि मरीजों को समस्या का सामना न करना पड़े ।
**(अनुपालन अस्पताल प्रबंधक, सदर अस्पताल, आरा/ सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ डॉ0 एस0के0प्रसाद चिकित्सक अनुपस्थित पाये गये। प्रतिमा कुमारी/किरण कुमारी एवं पुष्पा कुमारी ए0एन0एम0 द्वारा उपस्थिति पंजी पर उपस्थिति 10 दिनों से बना हुआ नहीं पाया गया। साथ ही राजीव रंजन सिंह, फर्मासिस्ट एवं अनुजलाल, फर्मासिस्ट द्वारा भी उपस्थिति पंजी पर 12 दिसम्बर से अपनी उपस्थिति दर्ज किया हुआ नहीं पाया गया। उक्त के संबंध में सिविल सर्जन, भोजपुर को उक्त चिकित्सक एवं कर्मी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर इनके विरूद्ध कार्रवाई हेतु मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।
**(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ सदर अस्पताल, आरा में लगे हुए एम्बूलेंस की जॉच की गयी। जॉच के समय एम्बूलेंस के ड्रायवर अनुपस्थित पाये गये। एम्बूलेंस में ऑक्सीजन मास्क खराब पाया गया साथ ही मशीनरी भी कार्य करते हुए नहीं पाया गया। ऑक्सीजन भी 01 खराब पाया गया। वहॉ उपस्थित कर्मी द्वारा जानकारी दी गयी कि 08 एम्बूलेंस कार्यरत है। परंतु निरीक्षण के समय मात्र 05 एम्बूलेंस ही खड़ा पाया गया जिसमें भी मास्क, मशीनरी सही नहीं पाया गया। सिविल सर्जन, भोजपुर को निदेश दिया गया कि संबंधित एजेंसी सम्मान फांउडेशन से उक्त के संबंध में स्पष्टीकरण करेंगे एवं जितने एम्बूलेंस कार्यरत हैं उसके मशीनरी की मरम्मति

कराकर फंगशनल करायेंगे एवं कृत कार्रवाई संबंधी प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ सदर अस्पताल, आरा कैंपस एवं वार्डों में साफ–सफाई की कमी पायी गयी। साथ ही वार्ड के बाहर कूड़े–कचरे का अंबार रखा हुआ पाया गया। सिविल सर्जन, भोजपुर को साफ–सफाई नियमिति रूप से कराने का निदेश दिया गया। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ सदर अस्पताल , आरा में स्थित 01 चापाकल खराब पाया गया, जिसकी मरम्मति कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्र0 आरा को दिया गया है। **(अनुपालन कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा )**

✓ दवा वितरण केन्द्र की जॉच की गयी। 48 प्रकार की दवाएं पायी गयी। दवा वितरण का पंजी पर इंट्री 07 दिसम्बर तक ही पाया गया। प्रतिदिन दवा वितरण का नियमानुसार पंजी पर इंट्री कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही दवा वितरण केन्द्र पहुँचने हेतु जगह–जगह पर साइनेज लगवाने हेतु भी निदेशित किया गया। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ सदर अस्पताल, आरा में उपस्थित मरीज के परिजनों द्वारा रात्रि में नॉर्मल डिलीवरी कराने के नाम पर रात्रि स्टाफ द्वारा राशि मॉगने की शिकायत की गयी। इस मामले की जॉच कर संबंधित कर्मी को चिन्हित करते हुए उस पर कार्रवाई करने का निदेश सिविल सर्जन, भोजपुर को दिया गया । **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

✓ जेनरेटर लॉग बुक की जॉच की गयी। एस0एन0सी0 एवं सामान्य के लिए सदर अस्पताल में जेनरेटर का लॉग बुक अलग–अलग संधारित किया हुआ था। जेनरेटर लॉग बुक के अवलोकन से जानकारी मिली कि एक ही तिथि को

एस0एन0सी0 लॉगबुक में अधिक समय तक जेनरेटर चला था एवं सामान्य जेनरेटर लॉगबुक में कम समय तक जेनरेटर चला था। जेनरेटर लॉग बुक में किसी दिन 160 मिनट, 70 मिनट, 60 मिनट तक एक ही समय जेनरेटर चलने का इंट्री पाया गया। जबकि आरा शहर में बिजली की स्थिति बेहतर है एवं कुछ समय के लिए ही बिजली कभी जाती है। सिविल सर्जन, भोजपुर को निदेश दिया गया कि पिछले दो माह का जेनरेटर लॉग बुक की जॉच कर मंतव्य सहित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे। **(अनुपालन सिविल सर्जन, भोजपुर )**

ह0/-

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा ।

ज्ञापांक................../गो0, आरा, दिनांक...................

**प्रतिलिपिः–** थानाध्यक्ष आरा नगर/ कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः–** सभी संबंधित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपिः–** सिविल सर्जन, भोजपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

ह0/-

**जिला पदाधिकारी,**
भोजपुर, आरा ।

ज्ञापांक...3055.........../गो0, आरा, दिनांक..15/12/2020...

**प्रतिलिपिः–** प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित ।

15/12/20

**जिला पदाधिकारी,**
भोजपुर, आरा ।